INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 6 - 3rd Lang.	Department: Hindi	Date of submission:
Worksheet No: 5	Topic : अर्थग्रहण	Note: Pl. file in portfolio

निर्देश:-दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर पर (✓) लगाइए |

गांधी जी का पूरा नाम मोहनदास करमचंद गांधी था। उनका जन्म 2 अक्टूबर सन 1869 में गुजरात के पोरबन्दर नामक शहर में हुआ था। इनकी माता पुतलीबाई थीं तथा पिता करमचंद गांधी थे। माता पुतलीबाई बड़ी ही धार्मिक विचारों की महिला थीं। गांधी जी का विवाह कस्तूरबा जी के साथ हुआ था। कानून की पढ़ाई उन्होंने इंग्लैंड से की थी। गांधी जी को छुआछूत में ज़रा - सा भी विश्वास नहीं था। उन्होंने इस बुराई को समाप्त करने का भरपूर प्रयास भी किया।

अंग्रेज़ों से भारत को स्वतंत्र कराने में गांधी जी ने अनेक आंदोलन किए जिनमें - असहयोग आंदोलन, सत्याग्रह आंदोलन, डांडी यात्रा मुख्य हैं। स्वतंत्रता की लड़ाई में उनके हथियार सत्य एवं अहिंसा ही थे। उन्होंने इन्हीं के बल पर अंग्रेज़ों को भारत छोड़ने पर विवश कर दिया था। हम आज जिस खुली हवा में साँस ले रहे हैं, वह सब हमें गांधी जी, सुभाषचंद्र बोस, भगतसिंह, चंद्रशेखर आज़ाद, डॉ० भीमराव अम्बेडकर तथा वल्लभभाई पटेल जैसे महान नेताओं के प्रयासों से ही मिली है । हमारा कर्त्तव्य है कि हम न केवल अपने देश की स्वतंत्रता को बनाए रखें बल्कि अपने सुकर्मों से देश को पुनः विश्वगुरु बनाएँ।

1. गांधी जी का जन्म कब हुआ था?

5 अक्टूबर सन 1869 को   2 अक्टूबर सन 1869 को

8 अक्टूबर सन 1868 को   2 सितंबर सन 1869 को

2. गांधी जी की माँ का नाम क्या था?

लक्ष्मीबाई मीराबाई

पुतलीबाई कस्तूरबाई

3. गांधी जी का विवाह किनके साथ हुआ था?

रानी जी के साथ कल्याणी के साथ

कस्तूरबा जी के साथ कांतादेवी के साथ

4. गांधी जी ने कानून की पढ़ाई कहाँ से की थी?

जापान से चीन से

नेपाल से इंग्लैंड से

5. गांधी जी ने किस बुराई को समाप्त करने का भरपूर प्रयास भी किया था?

अहिंसा छुआछूत समानता स्वतंत्रता

6. सही (✓) या ग़लत (×) बताइए |

क. गांधी जी का पूरा नाम रामदास करमचंद गांधी था | ( )

ख. गांधी जी का जन्म हैदराबाद शहर में हुआ था । ( )

ग. माता पुतलीबाई बड़ी ही धार्मिक विचारों की महिला थीं । ( )

घ. गांधी जी ने हमें जापानियों से आज़ादी दिलाई | ( )

ङ. स्वतंत्रता की लड़ाई में गांधी जी के हथियार सत्य एवं अहिंसा थे। ( )

●●●●●●●●●●●●●●

उत्तर

1. गांधी जी का जन्म कब हुआ था?

   2 अक्टूबर सन 1869 को

2. गांधी जी की माँ का नाम क्या था?

   पुतलीबाई

3. गांधी जी का विवाह किनके साथ हुआ था?

   कस्तूरबा जी के साथ

4. गांधी जी ने कानून की पढ़ाई कहाँ से की थी?

   इंग्लैंड से

5. गांधी जी ने किस बुराई को समाप्त करने का भरपूर प्रयास भी किया था?

   छुआछूत

6. सही (✓) या ग़लत (×) बताइए |

क. गांधी जी का पूरा नाम रामदास करमचंद गांधी था | (×)

ख. गांधी जी का जन्म हैदराबाद शहर में हुआ था । (×)

ग. माता पुतलीबाई बड़ी ही धार्मिक विचारों की महिला थीं । (✓)

घ. गांधी जी ने हमें जापानियों से आज़ादी दिलाई | (×)

ङ. स्वतंत्रता की लड़ाई में गांधी जी के हथियार सत्य एवं अहिंसा थे। (✓)

●●●●●●●●●●●●●●